तापमान


| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 40.7° | 27.4° |
| इंदौर | 40.4° | 24.0° |
| जबलपुर | 37.5° | 24.2° |
| ग्वालियर | 43.6° | 24.3° |

# दैनिक नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 40 अंक 149, पृष्ठ 12)
सोमवार 28 अप्रैल 2025
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये




राजधानी... महावीर के सत्य-अहिंसा के सिद्धांतों से ...

खेल... ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग ने ...

व्यापार... महिन्द्रा कर रही है एसएमएल इसुजु लिमिटेड...

देश-विदेश... झेलम में बढ़ा पानी तो पीओके में आ गई बाढ़ ...


www.naiduniaonline.com

मन की बात में प्रधानमंत्री ने कहा- आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया भारत के साथ

# पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को न्याय मिलेगा: मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को न्याय मिलेगा और दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मां की बात की 121 वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले से देश का हर व्यक्ति पीड़ा और आक्रोश में है।**

उन्होंने कहा कि हमले से पीड़ित प्रत्येक परिवार के प्रति हर व्यक्ति की संवेदना है। उन्होंने कहा कि मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूँ कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने इस हमले में अपने परिजनों को खोया है, उनका दर्द देश का प्रतीक व्यक्ति महसूस कर रहा है। हर भारतीय का खून आतंकी हमले की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहलगाम में हुआ ये हमला आतंक के सरपरस्तों की हताशा को दिखाता है, उनकी कायरता को दिखाता है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेजों में चहल- पहल थी, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे थे। देश और जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। उन्होंने, आतंकी और आतंक के आका चाहते हैं, कश्मीर फिर से तबाह हो जाए और इसलिए इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया।

श्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता, 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता, हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यही एकता, आतंकवाद के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है। हमें देश के सामने आई इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है। हमें एक राष्ट्र के रूप में दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करना है। आज दुनिया देख रही है, इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के हम लोगों में जो आक्रोश है, वही आक्रोश पूरी दुनिया में है। इस आतंकी हमले के बाद लगातार दुनिया-भर से संवेदनाएं आ रही हैं। मुझे भी वैश्विक नेताओं ने फोन किए हैं, पत्र लिखे हैं, संदेश भेजे हैं। इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सब ने कठोर निंदा की है।

### भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छुएगा

*मोदी ने कहा कि आने वाला समय अंतरिक्ष के क्षेत्र में बहुत सारी नई संभावनाएं लेकर आ रहा है और भारत इस क्षेत्र में नयी ऊंचाइयों को छूने वाला है। श्री मोदी ने महान वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दो दिन पहले हमने देश के महान वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन को खो दिया है। उन्होंने कहा कि जब भी डॉ. कस्तूरीरंगन से मुलाकात हुई, हम भारत के युवाओं के प्रतिभा, आधुनिक शिक्षा, अंतरिक्ष विज्ञान ऐसे विषयों पर काफी चर्चा करते थे। विज्ञान, शिक्षा और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नयी ऊंचाई देने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके नेतृत्व में इसरो को एक नयी पहचान मिली। उनके मार्गदर्शन में जो अंतरिक्ष कार्यक्रम आगे बढ़े, उससे भारत के प्रयासों को वैश्विक मान्यता मिली। उन्होंने कहा कि आज भारत जिन सैटेलाइट का उपयोग करता है, उनमें से कई डॉ. कस्तूरीरंगन की देखरेख में ही लांच की गई थी। उनके व्यक्तित्व की एक और बात बहुत खास थी, जिससे युवा-पीढ़ी उनसे सीख सकती है। उन्होंने हमेशा नवाचार को महत्व दिया। डॉ. के. कस्तूरीरंगन ने देश की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार करने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। देश की नि:स्वार्थ सेवा और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।*




मोहन सरकार की कर्मचारियों को बड़ी सौगात

# डीए में 5 प्रतिशत बढ़ोतरी, अब मिलेगा केंद्र के समान 55 प्रतिशत भत्ता

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को भोपाल में आयोजित मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय सम्मेलन में सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ी घोषणा की।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी शासकीय कर्मचारियों को अब केंद्र सरकार के कर्मचारियों के समान कुल 55प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह वृद्धि दो किस्तों में लागू की जाएगी-1 जुलाई 2024 से 3प्रतिशत और 1 जनवरी 2025 से 2प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता स्वीकृत किया गया है।

इस वृद्धि से कर्मचारियों को न केवल मासिक वेतन में लाभ मिलेगा, बल्कि इसके तहत मिलने वाले एरियर (बकाया राशि) का भुगतान भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एरियर की राशि पांच समान किस्तों में जून 2025 से अक्टूबर 2025 तक वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हमेशा कर्मचारियों के हित में कार्य करती रही है और आने वाले समय में शासकीय कर्मचारियों के कल्याण के लिए कई और फैसले लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारियों की वर्षों से लंबित पदोन्नति संबंधी मांग पर अहम संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 से लंबित पदोन्नति के मामलों को सुलझाने के लिए सरकार गंभीर है और इस पर विशेष समिति गठित कर विभिन्न पक्षों से संवाद किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार बीच का रास्ता निकाल रही है और जल्द ही इस पर निर्णय लेकर घोषणा (शेष पेज 2 पर)

पहलगाम हमले पर एक और एक्शन ...

# तीन और आतंकवादियों के घर ध्वस्त

जम्मू (एजेंसी)।

**जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद आतंकवाद के तंत्र के खिलाफ कार्रवाई जारी रखते हुए प्राधिकारियों ने बांदीपोरा, पुलवामा और शोपियां जिलों में तीन सक्रिय आतंकवादियों के घरों को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।**

अधिकारियों ने बताया कि शनिवार रात शोपियां जिले के वंडिना में आतंकवादी अदनान शफी का घर ध्वस्त कर दिया गया जो पिछले साल आतंकवादियों के समूह में शामिल हुआ था। उन्होंने बताया कि पुलवामा जिले में एक अन्य



सक्रिय आतंकवादी आमिर नजीर का घर भी ढहा दिया गया। बांदीपुरा जिले में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी जमील अहमद शेरगोजरी का घर जमींदोज कर दिया। शेरगोजरी 2016 से सक्रिय आतंकवादी है। इसके साथ (शेष पेज 2 पर)


### एनआईए ने पहलगाम आतंकी हमले की जांच शुरू की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पहलगाम आतंकवादी हमले का मामला औपचारिक रूप से अपने हाथ में ले लिया है और टीम घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्र कर जांच मैं जुट गई है। इस हमले में पिछले मंगलवार को 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्दयतापूर्वक गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एनआईए के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि बुधवार से आतंकी हमले वाली जगह पर डेरा डाले हुए एनआईए की टीमों ने सबूतों की तलाश तेज कर दी है।

### असम में देशद्रोही टिप्पणी करने के आरोप में 16 गिरफ्तार: सरमा

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद से असम में राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कहा कि पहलगाम हमले के मद्देनजर देशद्रोही टिप्पणी करने के आरोप में राज्य में अब तक कम से कम 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीएम सरमा ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर यह जानकारी दी। सीएम ने एक्स पर में कहा कि 27 अप्रैल दोपहर 12 बजे तक राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई है। गोलाघाट पुलिस ने दधीचि डिंपल उर्फ डिंपल बोरा को गिरफ्तार किया। तामुलपुर पुलिस ने ताहिब अली को गिरफ्तार किया और उदलगुड़ी पुलिस ने बिमल महतो को गिरफ्तार किया है।

# मंदसौर में यात्रियों से भरी कार कुएं में गिरी, दस लोगों की मौत



**मंदसौर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में एक वैन कुएं में गिर गई। इस घटना में 10 लोगों की मौत हो गई है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य एजेंसियां बचाव अभियान में जुटी हुई हैं। मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले में रविवार दोपहर एक वैन के कुएं में गिर जाने से 10 लोगों की मौत हुई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत कचरिया गांव में यह घटना हुई।

अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल तथा अन्य एजेंसियां बचाव अभियान में जुटी हुई हैं। मौके पर पहुंचे उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि ऐसा लगता है कि चालक ने वैन से नियंत्रण खो दिया और वैन सड़क से फिसलकर कुएं में जा गिरी।

**स्पेशल खबर** *भारतीय नौसेना ने की एंटी-शिप फायरिंग....*

# कहा-किसी भी मुकाबले के लिए तैयार

नई दिल्ली (एजेंसी)।

**भारतीय नौसेना राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा के लिए किसी भी समय, कहीं भी और किसी भी प्रकार से मुकाबले के लिए तैयार है। अपनी यही तैयारी प्रदर्शित करते हुए नौसेना ने सफलतापूर्वक एंटी-शिप फायरिंग की है।**

यह परीक्षण भारतीय नौसेना के जहाजों से किया गया। नौसेना की इस एंटी-शिप



फायरिंग ने लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमले के लिए प्लेटफार्म, सिस्टम और चालक दल की तत्परता को पुन: प्रमाणित किया है।

रविवार को नौसेना ने बताया कि चालक दल की तत्परता को प्रदर्शित करने के लिए उन्होंने कई सफल एंटी-शिप फायरिंग की हैं।

भारतीय नौसेना किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी तरह से राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए युद्ध के लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने पर्यटकों पर गोलियां बरसाई थीं। इस आतंकी हमले में 26 लोगों की (शेष पेज 2 पर)




1050.2025A